Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**



**Year**-15 **Issue**- 18
Ghaziabad, Sunday, 01 October- 2023

01 October to 07 October- 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198


# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE


Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in


Page 3




Page 5



Page 8



## TIRUPATI EYE

### 3 से संचारी रोगों को लेकर महाअभियान

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश में अक्टूबर में डेंगू-मलेरिया समेत 30 बीमारियों के खिलाफ एक महा अभियान चलाने जा रही है, योगी सरकार की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मुहिम 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर चलाई जाएगी। इस अभियान में संचारी रोगों को फैलने से रोकने का जागरुकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। इस मुहिम में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस अभियान में न सिर्फ संचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है, बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था की गई है। अभियान के दौरान प्रतिदिन गतिविधियों की सूचना निदेशालय के गूगल लिंक पर अनिवार्य रूप से भेजी जानी है। उन्होंने ये भी निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण अभियान में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाए। इन विभागों में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम, शहरी विकास, कृषि विभाग, पशु पालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना विभाग भी शामिल हैं.,साथ ही संस्कृति विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूनिसेफ, पाथ, डब्ल्यूएचओ एनपीएसपी, टाटा ट्रस्ट, प्लान इंडिया और गोदरेज कंपनी पार्टनर होंगी।


**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements


# यूपी के 100 फीसदी गांवों को मिला ओडीएफ प्लस का दर्जा

टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत सभी 95,767 गांवों यानी 100 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक, देश भर में 4.4 लाख (75 प्रतिशत) गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है, जो 2024-25 तक एसबीएम-जी चरण 2 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 9 माह में 80 हजार गांव जुड़े

उत्तर प्रदेश ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में तेजी से प्रगति की है। 1 जनवरी 2023 तक, राज्य में केवल 15,088 गांव थे जिन्हें ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। केवल 9 महीने में, राज्य ने मिशन मोड में ओडीएफ प्लस हासिल करने के लिए प्रयास किए। पिछले 9 महीनों में 80,000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया और इस त्वरित गति के परिणामस्वरूप ओडीएफ प्लस की समयबद्ध उपलब्धि हासिल हुई। प्रदेश के 95,767 ओडीएफ प्लस गांवों में से 81,744 गांव ओडीएफ प्लस आकांक्षी गांव हैं, जहां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन या तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है। 10,217 गांव ओडीएफ प्लस राइजिंग गांव हैं जिनमें ठोस अपशिष्ट



प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है और 3,806 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं।

### स्वच्छता ही सेवा से जुड़े 88 लाख लोग

100 प्रतिशत की यह उपलब्धि पूरे देश में संचालित हो रहे स्वच्छता ही सेवा-2023 अभियान के दौरान हासिल की गई है। एसएचएस प्रतिवर्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस वर्ष, अब तक, लगभग 88 लाख लोगों ने बड़े पैमाने पर इसमें हिस्सा लिया और श्रमदान किया है, जिससे ओडीएफ प्लस स्थिति की उपलब्धि में तेजी आई है।

### ग्राम पंचायतों और सफाई कर्मियों का सम्मान

ओडीएफ प्लस उपलब्धि का जश्न उन ग्राम पंचायतों के सम्मान के साथ मनाया गया जिन्होंने अनुकरणीय कार्य किया और अपनी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया। पूरे राज्य में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में और योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में ग्राम पंचायत को एक मॉडल के रूप में बनाने में उनके योगदान के लिए 60 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही 75 सफाई कर्मियों (प्रत्येक 75 जिलों में से एक) को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### जागरूकता के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम

इन ग्राम पंचायतों में जागरूकता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट, आरआरसी और मॉडल गांव के लाइव मॉडल के प्रदर्शन से सीखा गया और उसे लागू किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजन के साधन जैसे कचरा मुक्त थीम पर जादू शो, कठपुतली शो जैसे स्थानीय/लोक मीडिया समूहों को शामिल करके सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओडीएफ प्लस मॉडल गांव वह है जो न सिर्फ अपनी ओडीएफ स्थिति को बरकरार रखे हुए हैं बल्कि इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है।

# इंदिरापुरम को टेकओवर करने पर फैसला नहीं

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने इंदिरापुरम को टेकओवर करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। मंगलवार को हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में कुल 18 प्रस्ताव पेश किए गए। इनमें से 16 प्रस्तावों पर मुहर लग गई। 2 प्रस्ताव खारिज कर दिए गए। खारिज किए गए प्रस्तावों में से एक नोएडा की तर्ज पर महानगर में इंटिग्रेटेड वाहन पार्किंग पॉलिसी का था। सदन में इसका जमकर विरोध हुआ था। वहीं, इंदिरापुरम कॉलोनी को टेकओवर करने को लेकर भी जमकर हंगामा हुआ, इस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया। नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया बढ़ाने का भी प्रस्ताव पास हो गया।

बैठक शुरू होते ही इंदिरापुरम कॉलोनी टेकओवर की मांग को लेकर हंगामा शुरू हो गया। बीजेपी पार्षद संजय सिंह ने इस मसले को उठाया था। उनके समर्थन में इंदिरापुरम कॉलोनी के बाकी पार्षद भी सदन में खड़े हो



गए। उन्होंने इंदिरापुरम के पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि इंदिरापुरम कॉलोनी दबाव में निगम टेकओवर नहीं करेगा, जब तक जीडीए 250 करोड़ रुपये नहीं देगा कॉलोनी टेकओवर नहीं होगी। इसको लेकर इंदिरापुरम और बाकी विरोध कर रहे पार्षदों में जमकर बहस हुई।

मेयर ने आश्वस्त किया कि अन्य वॉर्ड की तर्ज पर निगम इंदिरापुरम के पार्षदों के वॉर्डों में भी विकास कार्य कराएगा। वहीं, यूजर चार्ज का ठेका एक कंपनी को वसूली के 16 प्रतिशत चार्ज के आधार पर देने को लेकर जमकर हंगामा हुआ,

पार्षद शशि सिंह की ओर से बंदर और कुत्तों को पकड़ने की मांग की गई। इसके अलावा पार्षदों का आरोप था कि सीवर की सफाई के लिए जिस कंपनी को ठेका दिया है, वह ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रही है। सीवर जाम रहते हैं और शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है।

सर्कल रेट के हिसाब से 1702 दुकानों का किराया बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में पेश हुआ तो नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक और कार्यकारिणी सदस्य राजीव शर्मा, प्रवीण चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। पूरा सदन 2 हिस्सों में बट गया। भाजपा पार्षद संजय शर्मा सहित कई पार्षद सर्कल रेट से किराया बढ़ाने और राजीव शर्मा, प्रवीण चौधरी सर्कल रेट से किराया नहीं बढ़ाने की मांग की। मेयर ने कहा कि किराया तो बढ़ेगा, मगर कितना बढ़ेगा यह पार्षद और अधिकारियों की कमिटी तय करेगी। इस पर 8 से 10 दिनों के अंदर व्यापारी असोसिएशन से बात कर फैसला लिया जाएगा।

# Editorial

## BJP on coalition

The Narendra Modi-led Bharatiya Janata Party seems to be not in a hurry to have a electoral coalition. While Vajpayee by instinct was a consensus-builder, trying to take as many allies along as possible, Modi gives the impression of a solitary player who seems to care little for others to join the game with him.

Maybe the fact that under Modi BJP can get a full majority on its own without the need for allies has further obviated the need for him to accommodate allies under the ruling party tent. Otherwise, we do not see how the BJP could have allowed its inexperienced but always irksome Tamil Nadu chief Annamalai to rile the AIADMK to such an extent that the latter felt obliged to snap links with the NDA.

Annamalai, a former IPS officer, may have given the state BJP a high profile but he has also been tactless in some of his comments. After all, he could not have expected that his criticism of the late J Jayalalithaa, the iconic leader of the AIADMK, would go unchallenged. Even his remarks against C N Annadurai, the Dravida icon, were uncalled for.

As a leader of the saffron party which is struggling to find its feet in a hostile terrain dominated by the two rival Dravida parties, Annamalai ought to have been far more conciliatory rather than openly critical. Instead of making a big issue of the trenchant attack on Sanatan Dharma by Udhayanidhi Stalin, Chief Minister M K Stalin's son and a minister in his government, Annamalai diverted attention to a peripheral issue. It does seem that the central BJP leadership has given him a long rope which allows him to often wade into highly avoidable controversies. Southern state of Tamil Nadu will have this time a triangula fight in the forthcoming LS elections with both arch rival DMK and AIADMK are main players.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# UP Awarded For Work In PM Health Scheme, Ayushman Bharat

**TBC News**

New Delhi: Uttar Pradesh on Tuesday received two awards for excellent work in Centre's Ayushman Bharat Pradhanmantri Jan Arogya Yojana (PM-Jay) and on the Ayushman Bharat Digital Mission (ABDM) at a programme at Vigyan Bhawan in Delhi.

Under the Ayushman Bharat Digital Mission (ABDM), which aims to develop the necessary to support the integrated digital health infrastructure of the country, Uttar Pradesh secured the first position in creating the highest number of health accounts. Over 4.7 crore Ayushman Bharat Health Accounts (ABHA) were created compared to 4.19 crore in Andhra Pradesh and 4.10 crore in Madhya Pradesh.



Over 2.73 crore health records were linked with ABHA in Uttar Pradesh. Some of the key applications used by Uttar Pradesh were PMJAY, Covin and e-Kavach, the state government said.

A total of 535 Hospitals are actively using the HMIS out of which 150 are using the Scan and Share for online OPD registration with a total of 33,79,592 tokens issued, along with linking 2,73,00,607 health records.

The e-Kavach Application is being used in ABHA creation through community enumeration, the state government added.

Uttar Pradesh was the best-performing state in India when it came to Health Professionals Registries. Over 42,700 health Professionals Registries (HPR) have been verified. The state secured the second rank in Health Facilities Registries (HFR)- A total of more than 38,863 facilities were verified in the state including both government and private facilities. The Uttar Pradesh government said it is the top performer among all the other states in the Health Management Information System (HMIS) and Scan and Share state. Uttar Pradesh integrated the state's central digital repository of public health facilities and professionals with ABDM, HFR and HPR The state is utilizing the Ayushman Bhav Mission and Ayushman Sabha to generate the maximum number of ABHA by community enumeration through e-Kavach. It is also mandating ABHA-based registration in all national health programmes. Addressing the programme, Union health minister Mansukh Mandaviya said, over 5.6 crore hospital admission worth over Rs. 69,000 crore has been made under the Ayushman Bharat-Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana the government's ambitious flagship health insurance scheme. Many of these hospital admissions had been availed for life-threatening diseases, whose total cost of treatment would have been 1.5-2 times higher if the beneficiaries would have availed the treatment on their own.

# Yogi govt intensifies efforts to ensure nutrition for TB patients in UP

**TBC News**

Lucknow: In a bid to provide essential nutritional support to malnourished TB patients, the Yogi Adityanath government in Uttar Pradesh has intensified efforts under the Central Government's Nikshay Nutrition Scheme.



The scheme aims at protecting tuberculosis patients from malnutrition by providing them with nutritious food and make the state TB free by 2025.

A total of Rs 2.78 lakhs has been provided to TB patients from January 1 to September 17 this year under the Nikshay Nutrition Scheme. Presently, over 4.16 lakh TB patients are undergoing TB treatment in Uttar Pradesh.

Dr Zia Hashim, Head of Pulmonary Department of SGPGI said that nutrition is very important for TB patients because they are already weak because of the disease. In addition to medication, individuals afflicted with TB are receiving nutritious meals, community support, and encouragement. These crucial factors have contributed to their recovery from tuberculosis, and as a result, they are supporting the Yogi government's initiative as TB champions, he further added. Preeti Yadav, Dietician of SGPGI, says that TB patients not only have to cope with their disease, but also have to overcome the hurdle of malnutrition. Therefore, along with medicines, a nutritious diet is very important. People suffering from malnutrition are more likely to get TB. There are cases of patients who have maintained adequate nutritional levels that helped in the recovery process. In a trial conducted on more than 10,000 family members, nutritional support resulted in a remarkable reduction of all types of TB by 40 per cent and infectious TB by about 50 per cent in the family members of patients with pulmonary TB.

# Modi govt to launch yatra to take Central schemes to villages

AHEAD OF the Lok Sabha elections next year, the BJP-led government at the Centre is planning a 'Grameen Samvaad Yatra' – a mega outreach programme with the dual purpose of showcasing its achievements as well as enrolling new beneficiaries to ensure "saturation coverage" of Central schemes.



The yatra, for which 1,500 raths will be equipped with GPS and drones, will cover the over 2.5 lakh gram panchayats across the country. Conceptualised on the "whole of government approach", it is expected to be a two-month-long exercise. While the launch date is yet to be finalised, it is learnt that the yatra may begin in October-November.

The contours of the yatra are being finalised at the top, with the Prime Minister's Office (PMO) and ministries in charge of key schemes including PM-Kisan, PM-Mudra Yojana, PM-Jan Dhan Yojana, PM-Awas Yojana, and the recently launched PM-Vishwakarma Yojana involved in the exercise.

The outreach programme was discussed at a meeting at the PMO on September 23, which was chaired by Amit Khare, Advisor to the Prime Minister. Besides being equipped with GPS and drones, the specially-designed raths will have LED display screens and preloaded audio-visual content to highlight the major Central schemes and demonstrate innovations and new technologies. Each rath is expected to cover three gram panchayats daily, accompanied by four-five officials from the government departments associated with the implementation of the schemes.

The officials will facilitate eligible beneficiaries to avail of the schemes and also provide on-the-spot grievance redressal.

The event is likely to start with a pre-recorded message from PM Narendra Modi, and end with a video conference with a VVIP and other participants. Elected representatives, beneficiaries of schemes, members of self-help groups and farmers producers' organisations are also likely to accompany the rath.

To pull in the crowds, a cultural programme is likely to be organised the day before the rath arrives in a village. The theme of the programme, titled Dharti Kahe Pukar Ke, will be the judicious use of chemical fertilisers and promotion of organic manure. The Ministry of Culture may be roped in for training about 7,500 troupes of performers for the cultural programme.

# गाजियाबाद की धरती पर स्वदेशी तकनीक से निर्मित ड्रोन ने दिखाई ताकत

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** मोहननगर स्थित हिंडन एयरबेस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने  स्पेन से आये सी-295 प्लेन को भारतीय वायु सेना को सौंपा। सोमवार को हिंडन एअरबेस पर ड्रोन शो का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया।

ड्रोन के क्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी और खोज का एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। कृषि से लेकर सेना, चिकित्सा और कई प्रकार से उपयोगी ड्रोन के कार्य दिखाए गए। इस दौरान किसान ड्रोन एवं सर्वे ड्रोन का डेमो दिखाया गया। मिसिंग पीपल सर्च ऑपरेशन में ड्रोन की उपयोगिता दिखाई गई। साथ ही खोज एवं राहत कार्य के लिए प्रयोग किये जाने वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। आग बुझाने में काम आने वाला ड्रोन और सेना के लिए घुसपैठ को खोजने करने वाला ड्रोन, बचाव एवं प्रोटेक्ट करने वाले ड्रोन का भी प्रदर्शन किया गया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विधिवत तरीके से स्पेन से आये सी-295 प्लेन को भारतीय वायु सेना को सौंप दिया। इसी के साथ आज से आधिकारिक तौर पर यह कई खूबियों वाला प्लेन भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया। इस प्रोग्राम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसे वायुसेना प्रमुख सीपी चौथरी को सौंप दिया। रक्षामंत्री ने प्लेन की विधिवत तरीके से सर्वधर्म पूजा कर प्लेन को टीका लगाया, साथ ही प्लेन पर स्वास्तिक भी बनाया। ये विमान इसी महीने स्पेन से भारत लाया गया था। जिसके



लिए 21 हजार करोड़ रुपए की स्पेन से डील की गई थी। ये विमान 16 प्लेन रेडी टू फ्लाई कंडीशन में स्पेन से आएंगे। बाकी 40 प्लेन गुजरात के वडोदरा में टाटा एड-वांस कंपनी बनाएगी। इसकी खासियत यह है कि यह 7050 किलोग्राम पेलोड ले जा सकता है। एक बार मे 71 सैनिक, 44 पेराटूपर्स, 24 स्ट्रेचर या 5 कार्गो पैलेट्स को ले जाया सकता है। ये लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। इसमें दो लोगों के लिए बने क्रू केबिन में टचस्क्रीन कंट्रोल के साथ साथ स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम भी है। इसी प्रकार की कई खूबियों से लेस सी-295 एयरबस आज से वायुसेना के बेडे में शामिल हो गया है।

कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेना के सेनाध्यक्ष शामिल हुए। इसी के साथ आम नागरिकों को भी ड्रोन के करतब देखने का मौका मिला। भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ आज हिंडन एयर बेस पर किया गया। इस दौरान मेक इन इंडिया के तहत बनाए गए स्वदेशी तकनीक से निर्मित ड्रोन की ताकत को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में 50 ड्रोन को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान 75 से अधिक ड्रोन स्टार्टअप और कॉरपोरेट इसमें शामिल हुए।

# श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी सेक्टर 9 विजयनगर ने रामलीला के लिए किया भूमि पूजन



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी सेक्टर-9 विजयनगर में इस बार रामलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। रामलीला 11 अक्टूबर से शुरू होगी। रामलीला के लिए बुधवार 27 सिंतबर को भूमि पूजन किया गया। पंडित मुरली धर आचार्य ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता व पूर्व अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि रामलीला में 11 अक्टूबर को शुरू होगी। अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि 17 अक्टूबर को भगवान राम की भव्य बारात निकलेगी। 24 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व पर पुतला दहन होगा और 26 अक्टूबर को भरत मिलाप व श्री राम राज्याभिषेक होगा। उन्होंने बताया कि मथुरा के कलाकारो द्वारा रामलीला का मंथन किया जाएगा

भूमि पूजन में मुख्य रुप से पार्षद  कन्हैया लाल, ओमप्रकाश ओड़, पूर्व पार्षद देवेंद्र त्रिपाठी राजू,  विकास खारी। बाबूराम गौतम धीरेंद्र अग्रवाल धीरू, अरविंद कौशिक, सतीश शर्मा, रवि कौशिक, मनोज नागर, सुनील शर्मा पम्मी, मेहता प्रेम सिंह चौहान, एसपी त्यागी बृजमोहन सिंह, चंद्रपाल सिंह, विकास त्यागी टीनू आदि भी भूमि पूजन में मौजूद रहे।

## वसुंधरा रामलीला के लिए भूमि पूजन

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित श्री धार्मिक रामलीला समिति की ओर से बुधवार को रामलीला के लिए भूमि पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के बेटे नितिन भारद्वाज की असमय मौत के बाद असमंजस की स्थिति बनी रही कि इस बार वसुंधरा में रामलीला होगी या नहीं। लेकिन बुधवार को भूमिपूजन के बाद सारी अटकलें समाप्त हो गई। अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने भूमि पूजन में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी भव्य रूप से रामलीला का आयोजन किया जाएगा। मथुरा की टीम द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। वसुंधरा में इंदिरापुरम पुलिस थाने के पीछे सेक्टर-10 में भव्य रामलीला होती है।



# कवीन्द्र चौधरी पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए, विपिन गुप्ता महासचिव बने

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन (यूपीपीएसए) की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार 24 सितम्बर को सॉउथ ऑफ जीटीरोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईपीईएम कॉलेज में हुआ। साधारण सभा में यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें कवीन्द्र चौधरी को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष और डॉ. विपिन गुप्ता महासचिव चुना गया।



साथ ही डॉ. सुधा वाजपेयी (लखनऊ) को संयुक्त सचिव और यूपी पैरा खेल मोहत्सव की आयोजन अध्यक्ष नामित किया गया। अश्विनी गुप्ता (मेरठ) को पैरा स्टेट मीट का आयोजन अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. ऋचा सूद को यूपी पैरा एथलेटिक्स और सुनील कुमार को यूपी पैरा पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नामित किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से एशियन पैरा गेम्स में जाने वाली टीम के खिलाड़ियों के सम्मान में प्रस्थान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही ओपन स्टेट चैम्पियनशिप और राज्य पैरा खेल प्रतियोगिता आयोजित किए को लेकर चर्चा की गई। यूपीपीएसए के प्रचार-प्रसार के संदर्भ में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष कवीन्द्र चौधरी ने बताया कि इस वार्षिक साधारण सभा में एशियन पैरा गेम्स में जाने वाली टीम के खिलाड़ियों के सम्मान में दिल्ली में आहूत प्रस्थान समारोह (सेंड ऑफ सेरेमनी) में सम्मिलित होने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही एशियन पैरा गेम्स में सम्मिलित होने जा रहे खिलाड़ियों के सम्मान में लखनऊ में प्रस्थान सत्कार समारोह (सेंड ऑफ सेरेमनी) आयोजित करने पर भी विमर्श किया गया। बैठक में आगामी 3 दिसम्बर को लखनऊ में 'ओपन स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन करने और फरवरी 2024 में राज्य पैरा खेल प्रतियोगिता (स्टेट पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप) आयोजित किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर दुबई पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करके देश का नाम रोशन करने वाली टीम के कोच जे.पी. सिंह को सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ.मधुसूदन त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रख्यात खिलाड़ी व शिक्षाविद् डॉ. ऋचा सूद ने किया।

सभा में डॉ. विपिन गुप्ता, आलोक गोयल, डॉ. पी.के. वशिष्ठ, विकास मलिक, अश्वनी गुप्ता, सतीश शर्मा, दीपक त्यागी, चेतन त्यागी, मंगल सिंह, बबीता सिंह, सुधा वाजपेयी, आकाश शर्मा, अमित नागर, अजय त्यागी, अनुराग राय, पवन प्रताप सिंह, रवि कुमार, डोरीलाल, सुनील कुमार, सौरभ कुमार, वीरेन्द्र कुमार, माधव चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 40 जनपदों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, सहारनपुर, हापुड़, पीलीभीत, बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़, गाजीपुर, बहराइच, देवीपाटन आदि शामिल हैं।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो से यूपी के हस्तशिल्प उद्योग को लगे पंख



टीबीसी न्यूज

**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो का सोमवार को समापन हो गया। पांच दिन तक चले ट्रेड शो में तीन लाख से भी ज्यादा लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। उपभोक्ताओं का सबसे ज्यादा फोकस प्रदेश के हस्तशिल्प, गारमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को लेकर देखने को मिला। वहीं सबसे खास बात ये रही कि 75 हजार से ज्यादा बी2बी एक्सपोर्ट ऑर्डर भी एग्जीबिटर्स को प्राप्त हुए।

ट्रेड शो में 60 देशों के 500 विदेशी बायर्स ने लिया हिस्सा

ट्रेड शो में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। इनमें उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आई करीब 300 महिला उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया। जिन महिलाओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अपना छोटा व्यापार स्थापित किया है, उन्हें भी यहां पर मौका दिया गया था।

ट्रेड शो में 60 देशों के 500 विदेशी बायर्स ने हिस्सा लिया। इन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। आखिरी दिन उपस्थित अतिथियों में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नारायण राणे। एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास और एक्सपोर्ट प्रमोशन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व एमएसएमई और खादी वस्त्र के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे।

**अबतक का नंबर वन ट्रेड शो साबित हुआ : केंद्रीय मंत्री नारायण राणे**

इस अवसर पर भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि उत्तर प्रदेश का वातावरण देख कर बहुत अधिक प्रसन्नता हो रही है। यह ट्रेड शो अभी तक का नंबर एक ट्रेड शो रहा है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश में हर क्षेत्र का विकास हो रहा है, वह जल्दी ही सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा।

**ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने में मील का पत्थर साबित होगा ट्रेड शो : नंदी**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास और एक्सपोर्ट प्रमोशन मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने के लिए अग्रसर है। इसी साल फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 17 देशों में रोड शो किए, इसका फायदा यह हुआ कि प्रदेश को 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

**हर साल होगा आयोजन : राकेश सचान**

एमएसएमई और खादी वस्त्र के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह ट्रेड शो प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह इस शो में उत्साह देखने को मिला है, उससे सरकार ने भी उत्साहित होकर हर साल इसका आयोजन किया जाएगा।

# शिव नादर फाउंडेशन ने दिया आईसीटी लेवल-2 का प्रशिक्षण

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** बीएसए कार्यालय सभागार में शिव नादर फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी लेवल 2 प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। गाजियाबाद के सभी चारों ब्लॉक और नगर क्षेत्र से चयनित 11 अकादमिक रिसोर्स पर्सन तथा स्टेट रिसोर्स पर्सन को प्रशिक्षण दिया गया। डिजिटल सामग्री से शिक्षण प्रक्रिया को आकर्षक, प्रभावी और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण के प्रारंभ में बीएसए ओ पी यादव ने कहा कि शिव नादर फाउंडेशन की तरफ से प्राथमिक शिक्षा में कक्षा एक तथा कक्षा 2 के लिए आईसीटी आधारित शिक्षा एलिमेंट्री कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इसके माध्यम से जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित है उन विद्यालयों में यह आईसीटी आधारित शिक्षण कार्य किया जाएगा।

शिव नादर फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षक पायल श्रीवास्तव, शैलेंद्र यादव, विनय कुमार और आनंद पांडेय ने प्रशिक्षण को संतुलित और व्यवस्थित करते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने आईसीटी के माध्यम से सीखने के तरीकों को बताया। सीएमएस के अंतर्गत प्रत्येक पाठ के चरण जैसे अवधारणा खंड, क्रियाकलाप, आकलन और हमने सीखा आदि को बड़े ही रुचिकर बनाया गया है। इससे शिक्षक आधारशिला क्रियान्वयन के पाठ को वीडियो दिखाकर बच्चों के सामने रोचक तरीके से प्रस्तुत करेंगे। प्रशिक्षण के समापन पर डायट उप प्राचार्या ज्योति दीक्षित ने आभार जताया।

# सफाई का जायजा लेने देर रात सड़कों पर उतरे नगर आयुक्त, सभी पांच जोन का किया निरीक्षण



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर आयुक्त खुद निरीक्षण के लिए सड़कों पर उतर गए हैं। वह भी रात के समय में। नगर आयुक्त स्वयं लगातार शहर का भ्रमण कर रहे हैं। ताकि शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य तेजी से चल सके। उन्होंने रात को शहर के बाजारी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

रात को होने वाली सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर आयुक्त ने पांचो जोनों का निरीक्षण किया। कवि नगर सी ब्लॉक मार्केट, सेक्टर 23 संजय नगर मार्केट, रमते राम रोड, राजनगर सेक्टर 10 की मार्केट, विजयनगर गौशाला फाटक, सम्राट चौक, राजेंद्र नगर मार्केट, लाजपत नगर मार्केट, कौशांबी सेंट्रल पार्क, वसुंधरा मार्केट एरिया, वैशाली मार्केट एरिया, तुराब नगर मार्केट, विवेकानंद नगर व अन्य सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले बजारी क्षेत्र का निगम अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने इस दौरान व्यापारियों से बातचीत की। उन्हें अपने प्रतिष्ठान, दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने तथा स्वयं सफाई में सहयोग करने के लिए अपील की। व्यापारियों ने कहा कि स्वच्छता में सहयोग के लिए वे पूरी तरह तैयार है। इस मौके पर अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# निटरा का 18वें दीक्षान्त एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** कपड़ा उद्योग में प्रतिष्ठित संजय नगर स्थित निटरा संस्थान ने अपना 18वां दीक्षान्त एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। एपेरल मेड-अप्स एवं होम फर्निशिंग के सीईओ व महानिदेशक डॉ. रूपक वशिष्ठ ने पास आउट छात्र-छात्राओं को सर्टीफिकेट व मेडल प्रदान किए। इस मौके पर निटरा प्रशासनिक परिषद सदस्यगण राज कुमार जैन, एमडी जोनाक निटिंग मशीन्स (प्रा.) लि. सन्दीप होरा, सी.ई.ओ., एरोनव इन्डस्ट्री, एवं विदित जैन संयुक्त एमडी, पशुपति स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल्स लि. भी उपस्थित थे। साथ ही डा. अरिन्दम बासु महानिदेशक, निटरा, डॉ. एम. एस. परमार, निदेशक (निटरा) एवं अन्य आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। दीक्षान्त समारोह में 130 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र तथा मेडल वितरित किये गये। महानिदेशक निटरा डॉ. अरिंदम बासु ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि वस्त्र एवं परिधान उद्योग में प्रशिक्षित कामगारों की आवश्यकता को देखते हुए निटरा ने लघुकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 2002 में आरम्भ किये। तब से अब तक निटरा में 83 पूर्णसमय और 68 दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा 3,300 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। उन्हें रोजगार भी दिलाया गया है। निटरा बहुत सारे उद्योग आधारित पूर्णसमय एवं दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है, जैसे कि गारमेन्ट मैन्यूफैक्चरिंग, डिजाइनिंग,



मर्चेन्डाइजिंग एण्ड क्वालिटी एश्योरेन्स। उन्होंने आगे कहा कि आज 3,300 से अधिक निटरा के पास हुए छात्र 100 से अधिक विभिन्न उद्योगों में कार्यरत हैं। निटरा अध्यक्ष ने अपने विशेष भाषण में इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि 75 से अग्रणी वस्त्र एवं परिधान एक्सपोर्ट हाउसों, टेस्टिंग प्रयोगशालाओं और बाइंग हाउसों जैसे शाही एक्सपोर्ट्स, ओरिएन्ट क्राफ्ट, आरिएन्ट फैशन्स, पर्ल एपेरल्स, मैट्रिक्स क्लोदिंग, मराल ओवरसीज, रैडनिक एक्सपोर्ट्स, ब्लैकबेरीज, इंटरटेक, एसजीएस आदि ने निटरा के छात्रों का चयन किया। उन्होंने यह भी बताया कि निटरा के एल्युमिनी कई वस्त्र एवं परिधान उद्योगों में सीनियर स्तर जैसे प्रोडक्शन हेड, क्वालिटी हेड, फैक्ट्री मैनेजर, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग हेड आदि पदों तक पहुंच चुके हैं। इन कार्यक्रमों का पाठ्यक्रम उद्योगों के सदस्यों से विचार विमर्श करके बनाया जाता है और उसमें उद्योग की आवश्यकता के अनुसार लगातार सुधार किया जाता है। मुख्य अतिथि रूपक वशिष्ठ ने अपने दीक्षान्त भाषण में बताया कि भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग का उत्पादन आने वाले वर्षों में और बढ़ेगा और इसीलिये हमें और अधिक प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होगी। इस उद्योग में और अतिरिक्त रोजगार दिलाने की दिशा में निटरा बहुत प्रसंशनीय कार्य कर रहा है। निदेशक निटरा डॉ. एम. एस. परमार ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# विरोधियों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे: जनरल वी के सिंह



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री व स्थानीय सांसद जनरल वी के सिंह ने कहा कि जब अपने अस्तित्व पर खतरा होता है तो लोग दूसरों पर हमला करते हैं। यही गाजियाबाद में हो रहा है। अपने खिलाफ हो रही राजनीतिक साजिश पर भी पहली बार मीडिया के सामने खुलकर बोले।

अपने आवास पर प्रेसवार्ता करते हुए जनरल वीके सिंह ने विरोधियों को चुनौती देते हुए कहा कि वह कभी भी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कनाडा और भारत के बीच चल रहे तनाव पर भी बात रखी।

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना इशारों-इशारों में अपनी ही पार्टी के नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ हो रहे राजनीतिक षड़यंत्र की जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दे दी है। उन्होंने पार्टी में अनुशासनहीनता और षड़यंत्र करने वालों पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जो षड़यंत्र कर रहे हैं, वह समझ लें कि जनता सर्वोपरि है। जो प्यार जनता ने उन्हें 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में दिया था, उससे ज्यादा प्यार 2023 के चुनाव में मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री एवं सांसद वीके सिंह ने कहा कि कनाड़ा और भारत के बीच का मसला करीब 30 साल पुराना है। तब एयर इंडिया के विमान में हुए बम विस्फोट में 300 से ज्यादा लोग मारे गए थे और बब्बर खालसा ग्रुप ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। भारत ने तब भी कनाडा को कहा था कि वह ऐसे लोगों पर कार्रवाई करे, लेकिन नहीं की। कनाडा जानबूझकर खालिस्तान की गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। केंद्र की सरकार ने कनाडा को स्पष्ट कह दिया है कि अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ न होने दे। उन्होंने कहा कि कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों में शामिल लोगों में वर्चस्व बनाने की लड़ाई चल रही है।

उसी की वजह से निज्जर की हत्या हुई है, लेकिन कनाडा सरकार इसके लिए भारत पर इल्जाम लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत अब कनाडा ही नहीं किसी भी देश के दबाव का माकूल जवाब देने में सक्षम हैं। उन्होंने कनाडा में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अपने देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

विधानसभा चुनाव, उसके बाद और नगर निकाय चुनाव के दौरान भी सांसद वीके सिंह और पार्टी के कुछ अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच खींचतान सामने आ चुकी है। एक एमएलसी के कार्यालय पर बैठकर वीके सिंह के खिलाफ चिट्ठी जारी करने के मुद्दे ने भी खासा तूल पकड़ा था। हालांकि तब वीके सिंह चुप रहे। इसके बाद नगर निकाय चुनाव में टिकट वितरण पर भी पार्टी की कलह खुलकर सामने आई थी। दो जनप्रतिनिधियों के गुटों में लात घूंसे तक चले थे। कई ऐसे मौके आए जब पार्टी में जनप्रतिनिधियों के बीच चल रही खींचतान सामने आ चुकी है। हालांकि उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान किसी का नाम नहीं लिया।

# ओबीसी समाज मोदी को तीसरी बार पीएम की कुर्सी पर बैठाएगा: नरेंद्र कश्यप

टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री व भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने साफ तौर पर कहा कि प्रदेश में 52 फीसदी पिछड़ी आबादी है। हर एक समाज नरेंद्र मोदी के साथ है। ओबीसी मोर्चा ने ठान लिया है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम की कुर्सी पर बैठाएगा। ओबीसी के लिए जितना काम मोदी सरकार में हुआ है, उसे पहले कभी भी हुआ। नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कहा कि पिछड़ा मोर्चा लगातार केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचा रहा है।



# एक अक्टूबर से नहीं चलेंगे डीजल के जनरेटर, सोसाइटीज के लोग परेशान

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद समेत एनसीआर में एक अक्टूबर से डीजल जेनरेटर पर रोक लगने जा रही है। एक अक्टूबर से ग्रेप लागू होने जा रहा है। इसके तहत हाईराइज सोसाइटी, मॉल, अस्पतालों और इंडस्ट्री में ऐसे जेनरेटर को ही चलाने की इजाजत होगी जो पीएनजी या बायो फ्यूल से चलते हों।

नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले में 95 हाईराइज सोसाइटी को नोटिस जारी किया है। इसके तहत 30 सितंबर तक सभी सोसाइटी को 800 केवी के डीजल जनरेटर डुएल फ्यूल में कंवर्ट कराना होगा। बिना इसे कंवर्ट कराए वो जनरेटर को नहीं चला सकते है। इस नोटिस को नहीं मानना कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और एनजीटी के नियमों का उल्लघंन माना जाएगा। ऐसे में नियमों का उल्लंघन करने वाली सोसाइटी पर जुमार्ना और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

जीडीए अधिकारी ने बताया कि कई टीमों का गठन किया जा रहा है। ये टीम 1 अक्टूबर से सोसइटी का निरीक्षण करेंगी। जहां भी जेनसेट चलता मिला उसके खिलाफ मौके पर ही एक्शन लिया जाएगा। इसे अंतिम नोटिस ही माना जाए। इसके बाद न तो नोटिस जारी किया जाएगा और न ही समय दिया जाएगा।

सोसाइटी में पावर बैकअप के लिए जेनरेटर का प्रयोग किया जाता है। यहां रहने वाले निवासियों से इसके एवज में 25 से 30 रुपए या इससे अधिक रुपए प्रतियूनिट ली जाती है। यहां तभी जेनरेटर चलते है जब बिजली सप्लाई नहीं होती।



हालांकि पिछली बार भी जेनसेट को डुएल जेनरेटर में कंवर्ट कराने के लिए कहा गया था, लेकिन नियम के तहत कई सोसाइटी ने ऐसा नहीं किया। वहीं, वसुंधरा सेक्टर-15 स्थित शिखर एन्क्लेव सोसाइटी वालों ने हाथ खड़े कर दिए है।

सोसाइटी के एओए सदस्य संदीप गुप्ता ने कहा कि डीजन के जनरेटर को पीएनजी में तब्दील करने के लिए दस से पंद्रह लाख रुपए खर्च आएगा। इतना पैसा सोसाइटी के पास नहीं है। इस मामले में नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि नोएडा को नो पॉवर कट जोन बनाया गया है। यहां यदि बिजली सप्लाई नहीं जाएगी तो हमे जेनरेटर चलाने की जरुरत ही नहीं होगी। इसलिए पहले बिजली की सप्लाई 24 घंटे दी जाए।

इसके अलावा हम जेनरेटर को डुएल फार्मेशन में कंवर्ट करा लें, लेकिन करने वाली कंपनी के पास इतना इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। उन्होंने कहा हम सभी सोसाइटी के एओए को नोटिस मिला है। हमें जेनरेटर कंवर्ट कराने के लिए और समय देना होगा, इतने शॉर्ट पीरियड में ऐसा कर पाना संभव नहीं है।

# गाजियाबाद में डेंगू के सबसे खतरनाक स्ट्रेन ने दी दस्तक

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डेंगू अब और खतरनाक होता जा रहा है। डेंगू के सबसे खतरनाक स्ट्रेन ने दस्तक दे दी है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू स्टेन की सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाजियाबाद से 50 डेंगू मरीजों के सैंपल सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए थे। इनमें से पांच मरीजों के सैंपल में डेन-2 की पुष्टि हुई है।

बता दें कि डेन-2 की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप मच गया है। विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर दी गई है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। अब गाजियाबाद में जिनोम सिक्वेंसिंग के निर्देश दिए गए हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता के अनुसार गाजियाबाद जिले से 50 मरीज के सैंपल सिक्वेंसिंग के लिए केजीएमसी लखनऊ भेजे गए थे। जिसकी रिपोर्ट मंगलवार को शासन स्तर से जिला स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई है। रिपोर्ट के



आधार पर जी केजीएमसी लखनऊ द्वारा रेडमाइजेशन के बाद सीरो टाइपिंग में पांच सैंपल डेन-2 सिरो टाइपिंग पाए गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू का डेन-2 संक्रमण फैल गया है।

डेन-2 डेंगू ज्यादा घातक माना जा रहा है। इस प्रकार के स्ट्रेन के संक्रमण के कारण कई बार मरीज को शॉक सिंड्रोम होता है और मल्टी ऑर्गन फैलियर से मौत हो जाती है। इसमें अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। साथ ही इसके लक्षण भी अलग होते हैं। स्ट्रेन डेन-2 अधिक खतरनाक होता है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि वर्तमान में डेंगू का संचरण काल है। डेंगू मुख्य रूप से चार प्रकार के स्ट्रेन के कारण होता है।

यह एक से चार तक होता है। वर्तमान में जनपद गाजियाबाद में आने वाले धनात्मक केसों में डेन-2 मुख्य कारण रहा है। जिससे जनमानस के जीवन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है एवं लापरवाही करने पर मृत्यु भी हो सकती है।

आमतौर पर डेंगू का दूसरा स्टेन अन्य स्टेन के मुकाबले अधिक प्रभावित करता है। ध्यान रखें, यदि दोबारा संक्रमण हो तो उसका तुरंत इलाज कराना जरूरी होता है। ऐसे में बुखार उतरने और प्लेटलेट्स सामान्य होने पर 4 से 5 दिन सचेत रहने की जरूरत रहती है।

शरीर में अधिक परेशानी होने पर चिकित्सक को दिखाना जरूरी होता है। गाजियाबाद में 12 नए मरीज मिले हैं। जबकि अब तक डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 594 पहुंच चुका है। मंगलवार को डेंगू के बारे नए मरीजों की पुष्टि की गई है। जिसके बाद जनपद में डेंगू मरीजों की संख्या 594 तक पहुंच गई है। जिले में डेंगू के 84 एक्टिव पेशेंट है। इनमें से 55 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं।

# कुत्ता पालने के नियम में बदलाव

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में अब कुत्तों को पालना और महंगा हो गया है। नगर निगम की बोर्ड बैठक में कुत्तों को लेकर कुछ अहम निर्णय लिए गए। दरअसल गाजियाबाद सहित आसपास के इलाकों में कुत्ते के हमले के मामले लगातार सामने आ रहे थे, जिसे लेकर कई बार डॉग लवर और स्थानीय निवासी आमने-सामने आ चुके हैं। कई बार कुत्तों के हमले में लोग घायल भी हुए हैं। नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान पालतू कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया। इसके अलावा कुत्ते पालने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 200 से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी गई। वहीं जो रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल फीस 100 रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। यह भी तय किया गया कि 200 वर्ग गज में अधिकतम दो कुत्ते और 400 वर्ग गज में अधिकतम 4 कुत्तों का पंजीकरण किया जाएगा। आवासीय क्षेत्र में कोई पांच या पांच से अधिक कुत्ते नहीं पाल सकेगा। पालतू कुत्तों से दूसरों को कोई परेशानी न हो, इसका भी शपथ पत्र उसके मालिक को देना होगा। सोसायटी की लिफ्ट और पार्कों में मालिक को अपने कुत्ते के मुंह पर मजल लगाना होगा।

## रोटरी क्लब ऑफ विजन ने किया बहरेपन पर टॉक शो



**दिल्ली।** रोटरी क्लब ऑफ विजन की ओर से टॉक शो का आयोजन किया गया। विश्व बहरा दिवस पर आयोजित टॉक शो में डॉ. बी पी सिंह ने स्पीच डिसऑर्डर और कोचलियर इंप्लांटेशन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कान की मशीन खरीदते समय कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है। बहरेपन की बीमारी का इलाज है। इसके लिए यह देखना आवश्यक है कि बहरापन कबसे हैं। आजकल बाजार में कई तरह की मशीन आई है। अपनी आवश्यकता अनुसार मशीन की उपयोगिता देखकर खरीदनी होगी। क्लब की अध्यक्ष कुसुम गुप्ता ने बताया कि अधिक शोरगुल वाले स्थान पर बहरापन होने का अधिक खतरा रहता है इसलिए शोरगुल से बचाव करना चाहिए। उम्र के बढ़ने के साथ साथ भी बहरापन आ सकता है। इसके अलावा कान से संबंधित विभिन रोगों व संक्रमण भी बहरापन हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सुनने में किसी तरह की कोई परेशानी लगे तो तुरंत कान, नाक व गला विशेषज्ञ (ईएनटी स्पेशलिस्ट ) से संपर्क करना चाहिए ताकि समय रहते उसका उपचार किया जा सके।

## त्वचा एवं अंगदान पर जागरूकता शिविर आयोजित




**देहरादून।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली गिफ्ट ऑफ लाइफ और रोटरी क्लब ऑफ ऋषिकेश डिवास-3080 की ओर से त्वचा और अंग दान को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार में आयोजित जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली गिफ्ट के अध्यक्ष रोटेरियन रवि सहगल ने बताया कि क्लब ने त्वचा और अंगदान करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय अंगदान दिवस के मौके पर दो क्लबों की ओर से संयुक्त रूप से दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में 850 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। क्लब की अध्यक्ष रेखा गर्ग ने सभी को अंगदान करने की शपथ दिलाई। कई लोगों ने अंगदान के लिए फार्म भी भरे। दूसरा कार्यक्रम टॉक शो का आयोजन किया। जिसमें रोटेरियन हरीओम प्रसाद ने अंगदान के महत्व के बारे में बताया। एजी रो. नितिन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रोटेरियन डॉ. रितु प्रसाद ने स्तनपान के महत्व के बारे में बताया।

## ट्रक चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**दिल्ली।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली रोहणी की ओर से आंख व शरीर जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेषकर ट्रक चालकों के लिए आयोजित किया गया। संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित शिविर में करीब 75 ट्रक चालकों की आंख और स्वास्थ्य जांच की गई। बारिश आने के कारण शिविर को बंद करना पड़ा। रोटरी क्लब के सदस्यों ने बताया कि ट्रक चालकों की आंखों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। इसके लिए क्लब ने अपनी ओर से पहल की। ट्रक चालक पूरे दिन ट्रक में ही रहते हैं, जिस कारण बीमारी होने की संभावना बन जाती है। जिन ट्रक चालकों की आंखों में कोई कमी पाई गई तो उन्हें डाक्टरों से परामर्श की सलाह दी गई।

## ट्रक चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**दिल्ली।** रोटरी क्लब दिवास ने पिछले दिनों अंगदान दिवस के मौके पर स्वामी दयानंद कैरियर पब्लिक स्कूल में पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब के अध्यक्ष रो. रवि सहल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया इस मौके पर अंगदान को प्रेरित करने को लेकर रैली और रोड शो का आयोजन किया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली विजन-3012 ने लगाया थैलेसीमिया कैंप

**टीबीसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली विजन-3012 की ओर से पिछले सप्ताह थैलेसीमिया का शिविर लगाया गया। शिविर में 165 लोगों के रक्त की जांच की गई। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली सफदरजंग के सहयोग से आयोजित शिविर में डॉक्टरों ने थैलेसीमिया के बारे में विस्तार से बताया। डॉक्टरों ने कहा कि आसान भाषा में कहें तो थैलेसीमियाएक विरासत में मिला रक्त विकार है। ये आपके माता पिता से आपको मिल सकता है। जब ये समस्या होती है तो शरीर में हीमोग्लोबिन गड़बड़ाने लगता है और व्यक्ति में रक्तक्षीणता के लक्षण नजर आने लगते हैं। इसमें शरीर इन प्रोटीन का पर्याप्त उत्पादन नहीं कर पाता है जो कि खून बनाने का काम करती हैं। हीमो ग्लोबिन नहीं होता है, तो शरीर की रेड ब्लड सेल्स ठीक से काम नहीं करती हैं।

## रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ ने लिया 30 टीबी मरीजों को गोद




**हापुड़।** रोटरी क्लब ऑफ हापुड ने राजकीय महिला चिकित्सालय कोठी गेट में मंगलवार को 33 टीबी के मरीजों को गोद लिया। साथ ही क्लब के सदस्यों ने टीबी मरीजों को पुष्टाहार वितरित किया। क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन विनित जिंदल ने बताया कि क्लब की ओर से हर महीने टीबी मरीजों को पुष्टाहार दिया जाएगा। गोद लिए गए टीबी मरीजों की देखभाल क्लब की ओर से की जाएगी। रो. सचिन गुप्ता, संदीप गोयल, मुकेश गर्ग, असिस्टेंट गवर्नर विवेक शर्मा, पूर्व विधायक जयप्रकाश और डॉ. योगेश गुप्ता व बंटी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रेड क्रॉस सोसायटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीबीसी न्यूज**



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय ी राकेश कुमार सिंह की देखरेख में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गाजियाबाद जिला मुख्यालय में आयोजित शिविर का उद्घाटन स्वयं रेड क्रॉस अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र में मंच पर मौजूद रहे राकेश कुमार सिंह जिलाधिकारी, अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, गंभीर सिंह एडीएम सिटी, पी एन दीक्षित डी पीआरओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में राकेश कुमार गुप्ता सर्विलांस अधिकारी का रेडक्रॉस के सभापति सुभाष गुप्ता, उपसभापति अनिल गर्ग, सचिव किरण गर्ग, संदीप गुप्ता, चंचल जैन, डी सी बंसल, पूनम शर्मा, धवल गुप्ता, वरुण शर्मा, रोहित अग्रवाल ने रेड क्रॉस का पिन, पुष्प गुच्छ व रेड क्रॉस का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संजय यादव, काजल छिब्बर, विपिन अग्रवाल, ममता गुप्ता,रजनी गुप्ता,स्वास्थ्य विभाग की टीम व प्रबुद्ध नागरिकों को सीडीओ द्वारा अंगदान की शपथ दिलाई गई। एडीएम सिटी व सर्विलांस अधिकारी दोनों ने एक मत से लोगों को प्रोत्साहित किया कि रेड क्रॉस से जुड़े और अपने परिवार का समाज का विकास करें। शिविर में सभी सफाई कर्मचारी वह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्वच्छता के बारे में बताते हुए रेडक्रॉस हाइजीन किट का भी वितरण किया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ हिंडन ने किया सैनेटरी वेंडिंग मशीन का अनावरण



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। रोटरी क्लब ऑफ हिंडन की ओर से चंद्रपुरी स्थित नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का अनावरण किया गया। रोटरी क्लब ऑफ हिंडन के सभापति डॉ. सुभाष गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम शुरू किया गया। सांसद जनरल वी के सिंह की बेटी मृणालिनी सिंह ने सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का अनावरण करना था लेकिन किन्ही कारणों से वे नहीं आ पाई। उनकी अनुपस्थिति में अपर नगर आयुक्त पल्लवी सिंह ने वेंडिंग मशीन का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में किरण सिंह, राकेश गुप्ता, बीसी बंसल, धवल गुप्ता, एमसी गौड़, चंचल जैन, रजनी गुप्ता, डॉ पवन कुमारी, गौरव त्यागी, रिंकी गुप्ता, रीना अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब 3012 की ओर से 8 अक्टूबर को सेमिनार

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब 3012 की ओर से डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप एंड पब्लिक इमेज सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार में रीजनल कोर्डिनेटर राजेश अग्रवाल, एसिस्टेंट रोटरी पब्लिक इमेज चेयर विनय भाटिया, डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप चेयर मुकेश अरनेजा और डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयर राजेंद्र छटवाल अपने विचार व्यक्त करेंगे। सेमिनार में प्रेसिडेंट, क्लब मेंबरशिप चेयर और सचिव शामिल होंगे। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-2022-23 प्रियतोश गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि एनएच-24 स्थित आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में आयोजित होने वाले सेमिनार में कई शहरों को रोटरी के सदस्य शामिल होंगे। इस सेमिनार में सुभाष जैन, राकेश छारिया आदि भी अपने विचार रखेंगे। यह सेमिनार 8 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। उसी दिन पंजीकरण का काम भी होगा।

## भेंट की सेनेटरी पैड मशीन

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा प्रज्ञान स्कूल के इंटरेक्ट क्लब के साथ मिलकर सेनेटरी पैड डिस्पेंसिंग मशीन का इंस्टॉलेशन प्रज्ञान स्कूल में किया गया। रितु जैन ने बताया कि स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं की सुविधा के लिये क्लब द्वारा ऑटोमेटिक मशीन लगवायी गयी है। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राम गुप्ता, प्रिन्सिपल रुचिका टीचर रोजा व हिमानी वार्ष्णेय, अंजलि अग्रवाल, सरिता शर्मा, अंजलि बंसल उपस्थित रही।

# जेकेजी में हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बुधवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह और सर्टिफिकेट दिए गए। मेरी माटी मेरा देश शीर्षक के

अन्तर्गत स्कूल में 12 अगस्त को बैंक ऑफ बडौदा की विजय नगर शाखा की ओर से पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 230 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता एवं देशभक्ति की भावना के प्रति लगन तथा उनके बौद्धिक ज्ञान का कराने का उददेश्य रखा गया। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक राजभाषा जोनल ऑफिस बैंक ऑफ बड़ौदा दिल्ली पंकज वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम के प्रति हमें सचेत रहना है। इससे सम्बन्धित एक वृत्तचित्र व वीडियो भी दिखाया गया। स्कूल के संस्थापक जेके गौड़ ने छात्र -छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि

ऐसी प्रतियोगिताओं में सभी छात्र छात्राओं को प्रतिभाग करना चााहिए जिससे वह अपने ज्ञान एवं बौद्धिकता को विकसित कर सकें। इस अवसर पर रावी सिंह बैंक ऑफ बडौदा जोनल दिल्ली, पूनम शर्मा, दीप्ती शर्मा, नरेन्द्र सिंह, अंशु भसीन आदि उपस्थित रही। बैंक ऑफ बडौदा विजयनगर के शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने सभी का आभार जताया।

# वसुंधरा में ढहाए जाएंगे अवैध निर्माण

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित आवास विकास परिषद के अधिकारियों व बिल्डरों के गठजोड़ की शिकायत मिलने पर आवास आयुक्त मेरठ ने वसुंधरा सेक्टर एक सहित अन्य सेक्टरों में हो रहे अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का फरमान सुनाया है।

आवास आयुक्त ने आवास विकास परिषद गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता को निर्देशित करते हुए ध्वस्तीकरण के साथ निर्माणकताओं के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई करने को कहा है। अधिशासी अभियंता ने भी आनन फानन संबंधित अधिकारियों को जहां-जहां अवैध निर्माण है, उन्हें ध्वस्त करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि वसुंधरा सेक्टर एक से 5 में मानकों के विपरीत बिल्डिंग को पांच मंजिल तक खड़ा कर दिया गया। यहां अधिकांश बिल्डर फ्लैट बनाए जा रहे हैं। वसुंधरा में तीन जनपदों से बुलाई गई टीम ने सर्वे किया था। सर्वे के बाद टीम ने बताया कि वसुंधरा में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण किया गया है। टीम ने यहां लगभग 5500 अवैध निमाणों को चिन्हित किया था। इसके बावजूद आवास विकास परिषद के अधिकारी गहरी नींद में हैं। वसुंधरा में बड़े स्तर पर बिल्डरों और अधिकारियों ने मिलकर अवैध निर्माण कराया है। जिस पर संज्ञान लेते हुए आवास आयुक्त मेरठ ने सभी अवैध निमार्णों को ध्वस्त करने का आदेश दिया है।

पूर्व में भी सेक्टर एक स्थित ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। जब एक प्लॉट पर बिल्डर द्वारा कई मंजिला इमारत बना दी गई थी। इस इमारत को ध्वस्त करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी आदेश सुना दिया था। उस समय आवास विकास परिषद के अधिकारियों की कारगुजारी के चलते कुछ लोगों का आशियाना जाते जाते बच गया।

# जीएमए ने किया गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में पौधारोपण



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से लोहिया नगर स्थित श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया गया। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने एसोसिएशन के सदस्यों का स्वागत किया। फाऊंडेशन का धन्यवाद दिया।

एसोसिएशन के एजुकेटिव डायरेक्टर विनय गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए हरियाली का होना आवश्यक है। हरियाला तभी होगी जब हमें अधिक संख्या में पेड़ लगाएंगे।

सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है। वृक्ष लगाना आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संवारना है। इंसान को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। ताकि हम और हमारी पीढ़ियां सुरक्षित रहे। जीएमए फाउंडर एन के धूपर ने कहा कि फल वाले पेड़ लगाना ज्यादा लाभदायक है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए हर इंसान को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। अपने जन्मदिन की शुरूआत एक पेड़ से करनी चाहिए। जीएमए के अध्यक्ष बीएन ग्रोवर ने कहा कि एसोसिएशन ने स्कूलों और कॉलेजों में पौधारोपण करने का अभियान शुरू किया है। इसके तहत सभी स्कूलों में पौधे लगाए जाएंगे।

जीएमए फाउंडेशन के सौजन्य से जो फलदार वृक्ष लगाए गए उनमें जामुन, अमरुद, आडू सेव, आलू बुखारा, चीकू, नाशपाती शरीफ के लगभग 80 पेड़ लगाए गए।

जीएमए की ओर से राहुल अग्रवाल, ईसी मेंबर टी आर पांडे, सेक्रेटरी धर्मेंद्र सिंह, अध्यक्ष बी एन ग्रोवर, फाउंडर मेंबर एन के धूपर, फाउंडर मेंबर एसके तिवारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गुलशन थापर, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, असिस्टेंट ऑफिसर, बबलू शर्मा आदि उपस्थित थे। कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना रस्तोगी ने सभी का आभार जताया।



# इंटैरेक्ट क्लब ऑफ लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा और आरएचएएम फाउंडेशन ने तीन क्लबों के साथ किया छात्राओं में सैनिटरी पैड का वितरण








**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** इंटैरेक्ट क्लब ऑफ लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा और आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा सेकंड स्थित फादर एंजेल स्कूल में छात्राओं को निशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। अभियान में गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने भी सहयोग किया। आरएचएएम सैनिटरी पैड बैंक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों छात्राओं को सैनिटरी पैड दिए गए। रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब आफ दिल्ली ईस्ट एंड और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन कार्यक्रम के सहयोगी संगठन रहे।

आरएचएएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से स्थापित सैनिटरी पैड बैंक के माध्यम से हजारों की संख्या में महिला व बालिकाओं को सैनटरी पैड का वितरण किया जा चुका है। छात्राओं को उन जरूरी दिनों में साफ-सफाई के बारे में भी बताया गया। आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से 1100 से ज्यादा टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। इन मरीजों को लगातार न्यूट्रीशन फूड्स दिए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी टीबी मरीजों को गोद लिया जाएगा। प्रधानमंत्री के संकल्प को, जिसमें उन्होंने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने की बात कही हैं, पूरा करने के लिए रोटरी क्लब ने संकल्प किया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में आरएचएएम फाउंडेशन ने जिला एमएमजी अस्पताल के टीबी मरीजों को खाने के लिए न्यूट्रीशन फूड्स दिए।

आरएचएएम फाउंडेशन केंद्र सरकार के टीबी उन्मूलन अभियान के साथ जुड़ा है। एनसीआर के अस्पतालों में टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स देने की योजना बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभियान शुरू किए हैं। एक ओर जहां स्कूली बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी जा रही है, वहीं, फाउंडेशन की ओर के समाज के गरीब तबकों की महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स भी दिए जा रहे हैं। समय-समय पर खाने के पैकेट्स और अन्य सामग्री भी दी जा रही है।

इस मौके आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन भार्गव, रोटरी क्लब आफ दिल्ली इस्ट एंड के अध्यक्ष यतिंदर कालरा समेत बड़ी संख्या में स्कूल की टीचर्स व स्टाफ मौजूद थे।

# गुरुकुल द स्कूल में नई शिक्षा नीति पर परिचर्चा आयोजित

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रतिष्ठित विद्यालय गुरुकुल द स्कूल में पिछले सप्ताह नई शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2020 में शामिल विषयों और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की गई। थिंक सीरीज सत्र के उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साहित्य विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार सुश्री अनिता करवाल, निदेशक क्षमता निर्माण एवं वित्त, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, रजनीश कुमार, समग्र शिक्षा निपुण भारत, स्कूली शिक्षा एवं साहित्य विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की निदेशक सुश्री राशि शर्मा, सीईओ - एशिया प्रशांत, द बर्लिंगटन ग्रुप ऑफ कंपनीज रत्नेश कुमार झा, गुरुकुल द स्कूल के निदेशक सचिन वत्स व प्रधानाचार्य गौरव बेदी सहित विभिन्न




प्रतिष्ठित विद्यालयों के 50 से अधिक प्रधानाचार्य, अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र शामिल हुए। इस सीरीज का उद्देश्य नवीन शिक्षा नीति किस प्रकार से नई पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु उपयोगी है इस विषय पर नीति निर्माताओं, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों को एक साझा मंच प्रदान करना था ताकि वे इस विषय पर विस्तृत परिचर्चा कर सके। थिंक सीरीज समारोह में आमंत्रित शिक्षाविद अनिता करवाल, रजनीश कुमार एवं राशि शर्मा के संयुक्त प्रयास से लिखित पुस्तक पावर ऑफ क्युरियोसिटी का विमोचन किया गया जिसमें अधिगम प्रकिया को गैर परंपरागत तरीके से किस प्रकार रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता है, जिससे कि शिक्षण प्रकिया केवल कक्षा तक सीमित न रह जाए इसकी विस्तृत व्याख्या की गई है। पैनल परिचर्चा के दौरान उपस्थित शिक्षाविदों द्वारा अभिभावकों, शिक्षकों एवं छात्रों की शंकाओं का समाधान किया गया। मुख्य वक्ता सुश्री अनिता करवाल ने समारोह में नई शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2020 के महत्त्व पर प्रकाश डाला साथ ही इस सीरीज के आयोजन हेतु गुरुकुल द स्कूल के निदेशक एवं प्रधानाचार्य के उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की ।

## मार्च तक जुड़ जाएंगी एक्वा और ब्लू लाइन

**टीबीसी न्यूज**

**नोएडा।** एक्वा लाइन के सेक्टर-51 और ब्लू लाइन के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन छह माह में स्काईवॉक से जुड़ जाएंगे। स्काईवॉक बनने से नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) और दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) के दोनों स्टेशनों से रोजाना यात्रा करने वाले 50 हजार से ज्यादा यात्रियों को सुविधा मिलेगी। बीते चार माह से इसका निर्माण कार्य जारी है। जिसके पूरा करने की डेडलाइन 31 मार्च तय की गई है। अब तक करीब 45 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

दरअसल, नोएडा सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा तक बने एक्वा लाइन कॉरिडोर और पास से गुजरने वाले ब्लू लाइन कॉरिडोर के बीच करीब 420 मीटर की दूरी है। दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए कोई कॉमन प्लेटफॉर्म नहीं है। कॉरिडोर का निर्माण करते समय की गई अनदेखी की वजह से वर्तमान समय में हजारों यात्री परेशान है।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.